# Page Three
# Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# गांव के लोग आज भी बीमार मरीज को डोली में लाने को मजबूर


**जिम्मेदार कौन**

## पोखरी गांव की आबादी छह सौ के आसपास है

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत के बलुवाकोट ग्रम सभा के पोखरी गांव के लोग आज भी कई दशकों से खड़ी चढ़ाई पार कर जान हथेली पर रखकर आवाजाही करने को मजबूर हो रहे है। जानकारी के मुताबिक यहां पोखरी गांव की आबादी छह सौ के आसपास है।

बता दें कि साल 2019 में तल्ला पोखरी से रमतोली तक पांच किमी सडक के भू गर्भीय सर्वेक्षण की टीम द्वारा सवे कर सड़क का प्रस्ताव तैयार किया गया। मगर आज तक गांव की जनता को सड़क के दर्शन तक नही हो पाये है। दूसरी ओर गांव के ग्रमीणों को सड़क से रसोई गैस सिलैंडर अपने घर तक पहुंचाने के दो सौ और दो सौ पचास रूपये तक अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे है। गांव के ग्रमीणों ने जानाकारी देते हुए बताया कि बजरी व सीमेंट



लाने के लिए भी उनको सबसे ज्यादा कीमत चुकाने को मजबूर होना पड़ता है। ऐसे में उन्हे किराये में मकान लेकर शरण लेनी पड़ रही है। गांव के ग्रमीण आज भी पांच किमी लंबी सड़क के बनने की इंतजारी में नैन गढ़ाये बैठे हुए है। मगर आज तक हल नही निकल पाया है। गांव में गंभीर बीमारी से जूझने वाले बीमार मरीज व बुर्जुगों को आज भी गांव के ग्रमीण डोली के सारे जान हथेली पर रखकर आवाजाही करने को मजबूर हो चुके है।

गांव के ग्रमीण ने कहा है कि यदि इस जोखिम भरे रास्ते से चलने में जरा सी भी चूक हो गई तो सीधे मौत के आगोश में समाने में भी देरी नही होगी। कई बार इन रास्तों में इलाके के ग्रमीण चोटिल तक हो जा रहे है। इसे विडम्बना ही समझिये कि पांच किमी लंबी सड़क के इंजतारी में गांव के ग्रामीण जान हथेली पर रखकर खतरों भरा जीवन जीने को मजबूर हो चुके है। एसे में गांव के ग्रमीणों की जिंदगी खतरों से संघर्ष करती साफ तौर पर देखी जा सकती है।

**संवेदनशील जोन के ट्रीटमेंट को जल्द शुरू होगी कार्रवाई:** आलवेदर रोड निर्माण के बाद पिथौरागढ़ टनकपुर रोड पर भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील स्थल बढ़ गए हैं। पहले जहां दिल्ली बैंड, चुपकोट बैंड, मटेला क्षेत्र ही संवेदनशील की श्रेणी में शामिल थे वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 12 से ऊपर हो गई है। टीएचडीसी के भू विज्ञानियों की टीम इन संवेदनशील स्थलों का भूगर्भीय सर्वेक्षण इनके ट्रीटमेंट का प्रस्ताव तैयार कर चुकी है। अब इसके लिए केंद्र सरकार से हरी झंडी का इंतजार है।

## न्यूज डायरी

### बागेश्वर में दिनदहाड़े शनिदेव की मूर्ति चोरी, हिंदू समाज समाज में आक्रोश

**संवाददाता** बागेश्वर। चौक बाजार पीपल के पेड़ के नीचे वर्षों से स्थापित शनिदेव की लोहे की मूर्ति दिन दहाड़े गायब हो गई है। घटना के बाद पुलिस के पसीने छूट गए हैं। जिसकी सीसीटीवी जांच भी हो रही है। वहीं हिंदू संगठनों में घटना को लेकर तीव्र आक्रोश है। उन्होंने पुलिस से तत्काल आरोपित को पकड़ने और उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को शनि मंदिर के पुजारी श्याम सिंह ने बताया कि वह सुबह लगभग साढ़े दस बजे मंदिर पर ही थे। उसके बाद वह अपने कमरे की तरफ चले गए। आने के बाद देखा तो वहां से शनिदेव की मूर्ति गायब है। वह परेशान हो गए। वह लगभग ढाई बजे तक लोहे की मूर्ति को खोजते रहे। उन्होंने आसपास के लोगों को घटना का वृतांत सुनाया।

### क्रिप्टो रिलीफ ने डॉक्टर्स फॉर यू के साथ पहला एकीकृत कमांड सेंटर किया लॉन्च

**संवाददाता** नैनीताल। संदीप नेलवाल की पहल क्रिप्टो रिलीफ ने डॉक्टर्स फॉर यू के सहयोग से उत्तराखंड के नैनीताल जिले में इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर लॉन्च किया है। आईसीसी का उद्घाटन उत्तराखंड के माननीय स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने किया। उद्घाटन समारोह में डॉ. तृप्ति बहुगुणा, महानिदेशक स्वास्थ्य, धीरज सिंह गरबियाल, डीएम नैनीताल, डॉ. भागीरथी जोशी, सीएमओ, नैनीताल, डॉ. के.एस. धामी, पीएमएस, बीडी पांडेय अस्पताल और डॉ. तारा आर्य, निदेशक स्वास्थ्य, कुमाऊं मंडल भी उपस्थित थे। डीएम कार्यालय परिसर, नैनीताल जिला, उत्तराखंड में मुख्यालय वाला एकीकृत कमांड सेंटर किसी भी प्रकार की आपदा के दौरान रोगियों का समर्थन करेगा और एक महामारी के दौरान जिला प्रशासन का समर्थन करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक स्थापित करेगा।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने की इंडसइंड बैंक के साथ साझेदारी

**संवाददाता** देहरादून। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने आज इंडसइंड बैंक के साथ साझेदारी में फिक्स्ड डिपॉजिट सुविधा शुरू करने की घोषणा की। इसके साथ एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने डिजिटल बैंकिंग पोर्टफोलियो को और मजबूती प्रदान की है। ग्राहक अब एयरटेल थैंक्स ऐप पर डिजिटल माध्यम से सहजता के साथ मिनटों में 500 रुपये से लेकर 190000 रुपये तक की फिक्स्ड डिपॉजिट बुक कर सकते हैं। इस साझेदारी के साथ, एयरटेल पेमेंट्स बैंक के बचत खाता ग्राहक को 6.5 प्रतिशत प्रति वर्ष तक की ब्याज दर मिलेगी। वरिष्ठ नागरिकों को सभी फिक्स्ड डिपॉजिट पर अतिरिक्त 0.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। ग्राहक 1, 2 या 3 साल की निश्चित अवधि के लिए कोई भी फिक्स्ड डिपॉजिट बुक कर सकते हैं।

## उत्तरकाशी में जंगल की आग हुई बेकाबू, धू धूकर जल रहे जंगल

**संवाददाता** उत्तरकाशी। जनपद उत्तरकाशी के जंगल धू धूकर जल रहे हैं। उत्तरकाशी वन प्रभाग से लेकर टौंस वन प्रभाग के जंगलों में आग लगी हुई है। आग लगने के कारण लाखों की वन संपदा राख हो गई है।

मंगलवार को टौंस वन प्रभाग के ठडियार, कुकरेड़ा के जंगल धू–धूकर जलते रहे। जनपद के पहाड़ी क्षेत्रों में आग लगातार बढ़ती जा रही है। इन क्षेत्रों में आग बुझाने में वन विभाग, वन पंचायत के पदाधिकारियों और ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनपद उत्तरकाशी के जंगल मार्च से जल रहे हैं। जिला मुख्यालय के निकट के सारे जंगल जल चुके हैं। जनपद में 100 हेक्टेयर से अधिक जंगल जल चुके हैं। जंगल की आग का धुआं चारों और फैला हुआ है। जिसके कारण आमजन को सांस लेने में भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रवांई घाटी के टौंस, अपर यमुना समेत चकराता वन प्रभाग के जंगलों की आग अब बेकाबू होती जा रही है। गत सोमवार दोपहर को टौंस वन प्रभाग के पाणी गांव बीट के हुडोली के जंगल में लगी आग की चपेट में आने से एक गौशाला जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि के ग्रामीणों ने वन विभाग कर्मियों के साथ मिलकर छानी में बधे बछड़े को झूलने से बचाया।

गत सोमवार की दोपहर का आग से हुडोली गांव के उपेंद्र सिंह पुत्र प्रहलाद सिंह की गौशाला जंगल की आग जल कर राख हो गई।




## सरकार ने नहीं सुनी तो गाजीपुर जैसा सिडकुल में होगा आंदोलन

**संवाददाता** रुद्रपुर। ऊधमसिंह नगर के सिडकुल में आंदोलनरत श्रमिकों के समर्थन में महापंचायत का आयोजन किया गया। इसमें पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने भारत सरकार पर तीखा हमला बोला। कहा कि केंद्र ने देश का हाल श्रीलंका जैसा कर दिया है। महंगाई आम जनता की कमर तोड़ रही है। आय बढ़ नहीं रही और महंगाई पर रोक लगाने में सरकार नाकाम है। श्रमिकों को धरना देते 255 दिन हो गए हैं। शर्म की बात है कि यहां गरीबों की सुनने वाला कोई नहीं। ऐसा रहा तो गाजीपुर जैसा आंदोलन सिडकुल में होगा।

## बीएल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का समापन

**संवाददाता** पुरौला। बरफिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के दो दिवसीय अन्तर्संकाय खेल प्रतियोगिताओं का सोमवार को मेधावी छात्र–छात्राओं को पुरुस्कार वितरण कर समापन किया गया। खेल प्रतियोगिता में लम्बी कूद, ऊंची कूद, दौड़, गोला, चक्का, भाला फेंक, खो–खो व बॉलीबॉल आदि शामिल किए गए थे प्रतियोगिताओं के समापन उपरांत विजेता छात्र–छात्राओं को प्रशस्ति पत्र के साथ मैडल व ट्रॉफी वितरित की गई। पुरस्कार वितरण से पूर्व महाविद्यालय के प्राचार्य एके तिवारी ने अथितियों का धन्यबाद ज्ञापित कर खेल समारोह की विस्तृत जानकारी



देते हुए सभी छात्र–छात्राओं को पढ़ाई के साथ साथ खेलों को महत्व देने की अपील की।

खेल प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम संजना, द्वितीय साक्षी व तृतीय काजल रही जबकि 200 मीटर बालिका वर्ग में संजना, साक्षी व काजल क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर में काजल, साक्षी व सलोनी वंही 800 मीटर बालिका वर्ग में प्रथम काजल, सलोनी व कीर्ति ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1500 मीटर बालिका वर्ग काजल, साक्षी व सोनिका प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 3000 मीटर बालिका वर्ग में भी काजल, रूचिता व सलोनी ने बाजी मारी। वंही बालक वर्ग की सभी दौड़ में उपकार, सुखराज, रोहन, अखिलेश, देवाशीश, विजय बहादुर, आशीष कुमार, मुकेश, अजय, किशन लाल ने अच्छा प्रदर्शन किया। गोला फेंक बालक वर्ग में प्रथम प्रकाश व देवाशीष, प्रमेश जोशी द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। वंही बालिका वर्ग में संजना, मीना व साक्षी ने अपना स्थान बनाया। चक्का फेंक में देवाशीष, प्रकाश जोशी व अजय सिंह ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया तो बालिका वर्ग में संजना, मीना व सानी ने बाजी मारी।

## मैक्स वाहन दुर्घटना में हुई थी छह की मौत

**संवाददाता** पौड़ी। संभागीय परिवहन विभाग ने चाकीसैंण तहसील क्षेर्त्रांगत हुई मैक्स वाहन दुर्घटना का कारण वाहन पर चालक का नियंत्रण खोने की आशंका जताई है। मंगलवार को विभाग की टीम ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा दुर्घटना से जुड़े कारणों की पड़ताल की। बताया गया कि यह मार्ग कच्चा होने के साथ ही जिस स्थान पर घटना घटी वहां ढलान भी है। काबिलेगौर है कि बीते सोमवार की सायं को चाकीसैंण तहसील क्षेर्त्रांगत सिलोली गांव से एक बरात डोबरी गांव गई थी। वापसी में यह वाहन स्योली मल्ली मोड पर दुर्घटनाग्रस्त होकर खाई में जा गिरा। जिसमें कुल 15 लोग सवार बताए गए। इस वाहन दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि रेस्क्यू कर निकाले गए छह घायलों का उपचार पहले स्वास्थ्य केंद्र पाबौ में किया गया। कुछ घंटे बाद उन्हें जिला चिकित्सालय पौड़ी रैफर किया गया। मंगलवार को संभागीय परिवहन विभाग के संभाग निरीक्षण आनंद बर्धन ने वाहन व दुर्घटना स्थल का मौका मुआयना किया।